उत्तराखण्ड विधान सभा

# उत्तराखण्ड विधान सभा की कार्यसूची

## बुधवार, 01 फाल्गुन, शक संवत्, 1940

**( दिनांक : 20 फरवरी, 2019 )**

**समय : 11:00 बजे पूर्वाह्न**

1. अल्पसूचित प्रश्न (देखिए नत्थी **"क"**)
2. अन्य प्रश्न (देखिए नत्थी **''ख''**)
3. निधन के निदेश।
4. मुख्यमंत्री, कम्पनी एक्ट 2013 अध्याय-23 धारा-395 के अन्तर्गत उत्तराखण्ड जल विद्युत निगम लिमिटेड के वित्तीय वर्ष 2016-17 का वार्षिक लेखा प्रतिवेदन को सदन के पटल पर रखेंगे।
5. सदस्यों की गिरफ्तारी, निरोध व रिहाई की सूचनायें, यदि कोई हों।
6. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य विधान सभा ''जनपद हरिद्वार के ग्राम सिरचन्दी में श्मशान घाट की चार दीवारी निर्माण के सम्बन्ध में" श्री अनिल कुमार पुत्र श्री फूल सिंह ग्राम एवं पो0-सिरचन्दी, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।
7. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य विधान सभा ''जनपद हरिद्वार के ग्राम रूहालकी में भूमिया खेडे का सौन्दर्यीकरण और सी0 सी0 सड़क निर्माण के सम्बन्ध में" श्री सतपाल पुत्र श्री सोम, ग्राम-रूहालकी, पो0-भगवानपुर, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।
8. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य विधान सभा ''जनपद हरिद्वार के ग्राम तेज्जुपुर में रविदास मन्दिर का सौन्दर्यीकरण कराने के सम्बन्ध में" श्री विजयपाल पुत्र श्री गंगाराम, ग्राम-तेज्जुपुर, पो0-चुडियाला, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।
9. श्री राम सिह कैड़ा, सदस्य विधान सभा ''विधान सभा क्षेत्र भीमताल के भीमताल ब्लाक के ग्राम सभा भौर्षा के सकलानीकान-टूडी-कनाला पेयजल योजना के जीर्णोद्धार किये जाने के सम्बन्ध में" श्री मोहन चन्द्र शर्मा पुत्र श्री चन्द्र प्रकाश, ग्राम भौर्षा, पो0 बानना, जनपद नैनीताल एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।
10. श्री राम सिह कैड़ा, सदस्य विधान सभा ''विधान सभा क्षेत्र भीमताल के ओखलकाण्डा ब्लाक के ग्राम सभा टीपर में कौन्ता-टीपर पेयजल लाईन के जीर्णोद्धार के सम्बन्ध में" श्री हरेन्द्र सिंह बिष्ट पुत्र श्री मकौल सिंह, ग्राम टीपर, पो0 बडौन, जनपद नैनीताल एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।
11. विशेषाधिकार की अवहेलना के प्रश्न, यदि कोई हों।
12. नियम 315 के खण्ड (13) व (14) के अन्तर्गत माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

13. मंत्रियों द्वारा विविध वक्तव्य, यदि कोई हों।

14. संसदीय कार्य मंत्री उत्तराखण्ड (उत्तर प्रदेश नगर निगम अधिनियम 1959) (संशोधन) विधेयक, 2019 पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

15. संसदीय कार्य मंत्री, उत्तराखण्ड (उत्तर प्रदेश नगर निगम अधिनियम 1959) (संशोधन) विधेयक, 2019 को पुरःस्थापित करेंगे।

16. कार्यस्थगन का प्रस्ताव, यदि कोई हो।

17. कृषि मंत्री प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड कृषि उत्पाद मण्डी (विकास एवं विनियमन) (संशोधन) विधेयक, 2019 पर विचार किया जाय। **(15 मिनट)**

18. कृषि मंत्री प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड कृषि उत्पाद मण्डी (विकास एवं विनियमन) (संशोधन) विधेयक, 2019 को पारित किया जाय।

19. संसदीय कार्य मंत्री प्रस्ताव करेंगे कि भारतीय भागीदारी (उत्तराखण्ड संशोधन) विधेयक, 2019 पर विचार किया जाय। **(30 मिनट)**

20. संसदीय कार्य मंत्री प्रस्ताव करेंगे कि भारतीय भागीदारी (उत्तराखण्ड संशोधन) विधेयक, 2019 को पारित किया जाय।

21. वित्तीय वर्ष 2019-2020 के आय-व्ययक पर सामान्य चर्चा।

22. नियम 53 के अन्तर्गत सूचनाएं, यदि कोई हों।

23. चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग के क्लीनिकल इस्टैब्लिशमेंट एक्ट 2010 में राज्य के 50 बैड से कम वाले हास्पिटलों को एक्ट के दायरे से बाहर रखे जाने के सम्बन्ध में, श्री प्रदीप बत्रा, सदस्य विधान सभा द्वारा दिनांक 18 फरवरी, 2019 को दी गयी सूचना पर मुख्यमंत्री का नियम-53 के अंतर्गत केवल वक्तव्य।

24. जनपद बागेश्वर के विकास खण्ड गरूड़ में रजिस्ट्रार आफिस खुलवाये जाने के सम्बन्ध में, श्री चन्दन राम दास, सदस्य विधान सभा द्वारा दिनांक 18 फरवरी, 2019 को दी गयी सूचना पर वित्त मंत्री का नियम-53 के अंतर्गत वक्तव्य।

**देहरादून :**
**दिनांक : 19 फरवरी, 2019**

**आज्ञा से,**

**(जगदीश चन्द्र)**
**सचिव।**

प्रथम सत्र, 2019 का
द्वितीय बुधवार

# उत्तराखण्ड विधान सभा

# की कार्यसूची

## बुधवार,

## फाल्गुन 01, शक संवत्, 1940

## ( दिनांक : 20 फरवरी 2019 )

## नत्थी 'क'

## अल्पसूचित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>01.02.2019 | ** क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि ''न्यू इण्डिया मन्थन–संकल्प से सिद्धि'' तक सरकार की कौन–कौन सी प्राथमिकतायें है? क्या मंत्री जी बतायेंगे कि राज्य में कृषि और औद्यानिकी में इन दो वर्षो में क्या–क्या कार्य हुए है? यदि नहीं, तो क्यों? | कृषि |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>01.02.2019 | ** क्या महिला कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में नारी निकेतन/सुधार गृह कहां–कहां स्थित हैं एंव उनमें रहने वाली संवासिनियों की प्रत्येक जनपदवार संख्या क्या है? इन सुधार गृहों पर राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2017–2018 में मदवार कितनी धनराशि व्यय की गयी है? क्या सरकार इन गृहों के संचालन में आने वाली विभिन्न कठिनाईयों को दृष्टिगत रखते हुए इनको केवल गढ़वाल व कुमॉऊ मण्डल के लिए एक–एक गृह तक ही सीमित रखने पर ऐसे केवल दो उच्च स्तरीय सुधार गृहों के गठन एंव अनावश्यक व्यय को घटाकर संचालित करने की नीति सदन के पटल पर रखेगी? | महिला कल्याण |

नत्थी 'ख'

तारांकित

| | | |
|---|---|---|
| श्री देशराज कर्णवाल<br>04.01.2019 | प्रथम गुरूवार के तारांकित–10 में स्थानान्तरित।<br>*1. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि ''ग्लोबल स्टूडेंट योजना'' के अन्तर्गत उत्तराखण्ड के सरकारी स्कूली विद्यार्थियों के लिए राज्य के कितने सरकारी स्कूलों का चयन किया गया है? यदि हां, तो इसका विवरण क्या है? किन मानकों के अनुसार स्कूलों का चयन किया गया है? क्या चयनित स्कूलों की संख्या में वृद्वि की जाएगी? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>04.01.2019 | *2. क्या आवास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य के कितने स्थानीय विकास प्राधिकरणों को समाप्त कर दिया गया है तथा क्या उनके स्थान पर जिला स्तरीय विकास प्राधिकरणों का गठन कर दिया गया है? क्या प्राधिकरणों के पदों का ढांचा एवं बोर्ड का गठन कर दिया गया है? | आवास |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>08.01.2019 | आगामी सत्र हेतु स्थगित।<br>*3 क्या शहरी विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के शहरी क्षेत्र में कितने नगर निकायों को खुले में शौच से मुक्त किया गया है? इस मिशन के अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रों को भी खुले शौच से मुक्त करने की सरकार की कोई योजना है? यदि हॉ, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | शहरी विकास |
| श्री खजानदास<br>11.01.2019 | दो विभागों से संबंधित होने के आधार पर निरस्त।<br>*4 क्या शहरी विकास मंत्री अवगत हैं कि मा0 उच्च न्यायालय के आदेश पर प्रदेश के विभिन्न नगर निकायों में अतिक्रमण हटाया गया था तथा सड़कों को चौड़ा कर नालियों को पूर्ण रूप से अतिक्रमण मुक्त कर दिया गया था? क्या मंत्री जी यह भी अवगत हैं कि अतिक्रमण मुक्त की गई नालियों को अब तक ढका नहीं गया है तथा चौड़ी की गई सड़कों को भी ठीक नहीं किया गया है जिसके कारण जनमानस को आवागमन में दिक्कतें पैदा हो रही है? क्या सरकार अतिक्रमण मुक्त नालियों को ढकने एवं अतिक्रमण मुक्त सड़कों के डामरीकरण का कार्य करेगी अथवा नहीं? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों ? | शहरी विकास |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>23.01.2019 | मा0 न्यायालय में विचाराधीन होने के आधार पर निरस्त।<br>*5 क्या आवास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में नजूल नीति लागू न हो पाने के कारण सरकार को भारी भरकम राजस्व की हानि हो रही है? क्या यह सत्य है कि सरकारी भूमि पर कब्जा धारकों के द्वारा लगातार प्रदेश में नजूल नीति लागू किये जाने की मांग सरकार से की | आवास |

| | | |
|---|---|---|
| | जा रही है? यदि हां, तो प्रदेश में कब तक नजूल नीति लागू की जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों ? | |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>30.1.2019 | *6 क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में वन विभाग के परम्परागत वन मार्ग/सडकें लम्बे समय से मरम्मत/पुनर्निर्माण कार्य धन अभाव के कारण बन्द पडे है? क्या मंत्री जी बतायेंगे कि जनपदवार वन मार्गों/वन सड़कों की कुल कितनी संख्या है? उनमें से कुल कितने वनमार्ग/वन सड़कें बन्द पडे हुए है? क्या सरकार इन बन्द पड़े वन मार्गों/ सड़कों के पुननिर्माण तथा मरम्मत कार्य के लिए धनावंटन कर उनका पुननिर्माण तथा मरम्मत कार्य करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यो? | वन |
| श्री धन सिंह नेगी<br>06.02.2019 | *7 क्या नगर विकास मंत्री अवगत हैं कि सरकार द्वारा ठोस अवशिष्ठ प्रबन्धन के तहत नगर क्षेत्रों में कूड़ा निस्तारण की समस्या का स्थायी समाधान किया जाता है? यदि हॉ तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि टिहरी विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत चम्बा व नई टिहरी नगर पालिका क्षेत्र के कूड़ा निस्तारण हेतु ट्रेचिंग ग्राउण्ड के लिए डी0पी0आर0 तैयार कर दी गयी है? यदि हां, तो उक्त डी0पी0आर0 की धनराशि कब तक स्वीकृत हो जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | नगर विकास |
| | <u>अतारांकित प्रश्न</u> | |
| श्री धन सिंह नेगी<br>28.1.2019 | 1 .क्या वन मंत्री अवगत है कि भारत सरकार द्वारा क्षतिपूरक वनीकरण निधि प्रबन्धन एंव नियोजन प्राधिकरण के तहत राज्य सरकार को आपदा एवं बाढ़ प्रभावित क्षेत्रो में भूस्खलन से पेडों को होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए धनराशि दी जाती है? क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेगें कि कैम्पा के तहत कुल कितनी धनराशि प्रदेश सरकार को दी जाती है? क्या यह भी सत्य है कि राज्य सरकार उक्त धनराशि को बाढ़ एवं भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों के कैचमेट एरिया पर व्यय करती है? यदि हां, तो क्या सरकार टिहरी विधान सभा क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र चन्द्रभाग नदी जाखणीधार व हेवल नदी एवं चम्बा ब्लाक के लिए प्रस्तावित प्लान पर स्वीकृति प्रदान करेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | वन |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>28.1.2019 | तृतीय सोमवार के अतारांकित–38 में स्थानान्तरित।<br>2. क्या आयुष मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में भारत सरकार द्वारा एन0आर0एच0एम0 के तहत संचालित स्वास्थ्य योजना में सैकडों आयुष चिकित्सको के पद रिक्त है? क्या सत्य है कि उपरोक्त कार्यक्रम के तहत भारत सरकार द्वारा प्रदत्त करोड़ो रू0 के बजट का उपयोग नहीं हो पा रहा है? क्या मंत्री जी उपरोक्त योजना के अन्तर्गत वर्तमान तक वर्षवार उपयोग किये गये बजट का मदवार विवरण सदन के पटल पर रखेगें? क्या मंत्री यह भी बताने का कष्ट करेगे कि उपरोक्त योजना | आयुष |

| | | |
|---|---|---|
| | के अन्तर्गत कितने चिकित्सको के पद रिक्त है? क्या सरकार जनहित में उक्त पदों पर चिकित्सको की तैनाती शीघ्र करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यो? | |
| श्री सुरेश राठौर<br>28.1.2019 | 3. क्या कौशल विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड प्रदेश में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत वर्तमान में युवाओं को किन–किन पाठ्यक्रम में प्रशिक्षण दिया जा रहा है? यदि हॉ, तो मंत्री जी लाभार्थियों का जनपदवार ब्यौरा सदन में प्रस्तुत करेंगे? यदि नहीं, तो क्यो? | कौशल विकास |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>29.1.2019 | 4. क्या सेवायोजन एवं प्रशिक्षण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि दिनांक 08 जनवरी, 2019 को विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के युवाओं को रोजगार दिलाये जाने हेतु रोजगार मेले का आयोजन किये जाने की घोषणा की गई थी? इस पर अब तक क्या कार्यवाही की गई है? यदि नहीं, तो क्यो? | सेवायोजन एवं प्रशिक्षण |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>30.1.2019 | 5. क्या वन एवं पर्यावरण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में जनपदवार कुल कितनी वन पंचायतें आतिथि तक गठित हो चुकी है? इन वन पंचायतों के द्वारा वर्ष 2016–17 व 2017–18 में कौन–कौन से कार्य कराये गये तथा कुल कितना बजट राज्य सरकार द्वारा वन पंचायतों के लिए जारी किया गया है? क्या सरकार बतायेगी कि वन पंचायतों को सशक्त बनाने के लिए क्या–क्या उपाय किये जा रहे है? यदि नहीं, तो क्यों? | वन एवं पर्यावरण |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>30.1.2019 | 6. क्या आवास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में कुल कितने गरीबी की रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार है जो कि आवास विहीन है? क्या मंत्री बतायेंगे कि गरीबी की रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले आवास विहीन परिवारों को कब तक आवास उपलब्ध कराये जायेंगे? यदि नहीं, तो क्यों? | आवास |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>30.1.2019 | 7. क्या शहरी विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि नगरपालिका परिषद चिन्यालीसौड में कुल कितने ऐसे परिवार है जो कि आवास विहीन है? क्या सरकार इन गरीब आवास विहीन परिवारों को आवास उपलब्ध करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | शहरी विकास |

| | | |
|---|---|---|
| श्री विनोद कण्डारी<br>15.01.2019 | 8. क्या कौशल विकास एंव सेवायोजन मंत्री अवगत हैं कि विधान सभा क्षेत्र देवप्रयाग के अन्तर्गत राजकीय आई0टी0आई0 रौडधार का निर्माण कार्य लम्बे समय से चल रहा है, लेकिन वर्तमान समय तक निर्माण कार्य पूर्ण न होने के क्या कारण है? क्या सरकार छात्र–छात्राओं के हित को दृष्टिगत रखते हुए शीघ्र राजकीय आई0टी0आई0 रौड़धार का भवन निर्माण कार्य करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | कौशल विकास |
| श्री मनोज रावत<br>29.1.2019 | 9. क्या नगर विकास मंत्री अवगत हैं कि देहरादून नगर के गंगोत्री विहार (चीड़ोवाली) में मुख्य सड़कों के किनारे नाली का निर्माण न होने के कारण स्थानीय निवासियों के भवनों से निकलने वाला गंदा पानी सड़क पर बहता रहता हैं? क्या सरकार शहर की स्वच्छता को दृष्टिगत रखते हुए उक्त क्षेत्र में जल निकासी के लिए नालियों का निर्माण कराएगी? यदि हॉ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | नगर विकास |
| श्री मनोज रावत<br>29.1.2019 | 10. क्या नगर विकास मंत्री अवगत हैं कि देहरादून नगर के गंगोत्री विहार (चीड़ोवाली) में पर्याप्त संख्या में स्ट्रीट लाईट नहीं लगायी गयी हैं जिसके कारण स्थानीय निवासियों को अत्यन्त असुविधा होती है? यदि हॉ, तो क्या बाला सुन्दरी मन्दिर कैनाल रोड़ से अमन विहार को जोड़ने वाले मुख्य मार्ग पर पर्याप्त संख्या में स्ट्रीट लाईटस लगायी जायेगी? यदि हॉ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | नगर विकास |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>04.02.2019 | 11. क्या श्रम मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि भारत सरकार द्वारा असंगठित क्षेत्र के गरीब मजदूरों को भारत सरकार द्वारा दी गयी राशि रू0 तीन हजार मासिक पेंशन के समतुल्य रू 3000 (तीन हजार) मासिक पेंशन राज्य सरकार की ओर से भी स्वीकृत की जायेंगी? यदि हां, तो तत्संबंधी योजना कब तक लागू कर दी जायेगी? योजना के व्यापक स्वरूप संबंध पत्र को क्या मंत्री जी सदन के पटल पर रखेंगे? यदि नहीं, तो क्यों? | श्रम |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>31.01.2019 | 12. क्या शहरी विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष 2021 में हरिद्वार में होने वाले कुम्भ मेले हेतु केन्द्र अथवा राज्य सरकार से बजट स्वीकृत किया गया है? इस बजट में स्थायी तथा अस्थायी कार्यों हेतु कितना–कितना बजट मुहैया कराया जा रहा है? चूंकि विधानसभा क्षेत्र झबरेड़ा जनपद हरिद्वार के अन्तर्गत आता है तथा उत्तराखण्ड का द्वार है क्या विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा में भी कुम्भ के कार्यों हेतु बजट की स्वीकृति प्रस्तावित है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | शहरी विकास |

| | | |
|---|---|---|
| श्री देशराज कर्णवाल<br>16.1.2019 | 13 क्या शहरी विकास मंत्री अवगत हैं कि शहरी क्षेत्र में ठोस अपशिष्ट एक गंभीर समस्या बनती जा रही हैं? क्या राज्य सरकार द्वारा किये गये उपायों से यह समस्या दूर हो सकती हैं? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | शहरी विकास |
| श्री कैलाश चन्द्र गहतोड़ी<br>04.02.2019 | तृतीय बुधवार के अतारांकित–01 में स्थानान्तरित।<br>14 क्या शहरी विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि चम्पावत जिले की चम्पावत विधान सभा में चम्पावत व टनकपुर नगर में पार्किंग के लिए कोई योजना स्वीकृत की गयी थी तथा उसके लिए कितनी धनराशि स्वीकृत थी? आतिथि तक कितनी धनराशि उसके सापेक्ष व्यय की जा चुकी है और कितना कार्य शेष है, तथा उसके लिए आतिथि तक कितनी धनराशि स्वीकृत है? क्या सरकार जनहित में शीघ्र इसका निर्माण करायेगी? यदि हॉ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | शहरी विकास |
| श्री कैलाश चन्द्र गहतोड़ी<br>04.02.2019 | द्वितीय गुरूवार के अतारांकित–14 में स्थानान्तरित।<br>15 क्या शहरी विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि चम्पावत जिले की चम्पावत विधान सभा के लोगों को सुविधा प्रदान करने हेतु तामली व टनकपुर क्षेत्र में अतिरिक्त व्लॉकों का निर्माण किया जायेगा? क्या यह सत्य है कि चम्पावत का क्षेत्र अत्यधिक विस्तृत होने के कारण लोगों को अपने कार्य संपादन हेतु काफी दूर–दूर से आना पड़ता है? यदि हॉ तो कब तक अन्य व्लॉाकों को मंजूरी दे दी जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | शहरी विकास |
| श्री धनसिंह नेगी<br>04.02.2019 | 16 क्या वन मंत्री अवगत है कि उत्तराखण्ड राज्य में राफ्टिंग एवं कैम्पिंग के लिए गतिविधियॉ संचालित की जा रही है? यदि हॉ, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त साहसिक खेलों के लिए वन विभाग द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किया जाता है? क्या यह भी सत्य है कि वन विभाग उक्त खेलों के संचालन के लिये नदी के तट पर अस्थाई निर्माण के लिए वन भूमि के उपयोग की अनुमति देता है? यदि हॉ, तो अभी तक उक्त खेलों के लिए कहॉ–कहॉ पर कितनी भूमि नदी के तट के लिए आवंटित की गयी है तथा उनसे वन विभाग को कितना राजस्व प्राप्त होता है? यदि नहीं, तो क्यों? | वन |
| श्री धनसिंह नेगी<br>05.02.2019 | 17 क्या वन मंत्री अवगत है कि राज्य सरकार उत्तराखण्ड राज्य में ईको टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए कार्य कर रही है? यदि हॉ, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि अभी तक इको टूरिज्म की गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए क्या–क्या कार्यवाही की गयी है? क्या यह भी सत्य है कि ईको–टूरिज्म की दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थानों को चिन्हित कर उन क्षेत्रों को पर्यटकों के लिए खोला जाएगा? यदि हॉ, तो | वन |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | क्या टिहरी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत कणाताल, चंबा क्षेत्र, रानिचौरी, डांडचलि, नई टिहरी, कौडिया, कोटि कालोनी, आदि को भी अधिसूचित कर इको टूरिज्म् बेल्ट के रूप में विकसित किया जाना है? यदि नहीं, तो क्यों? | |
| श्री धनसिंह नेगी<br>06.02.2019 | 18 | क्या वन मंत्री अवगत है कि प्रदेश में ईको टूरिज्म् को बढ़ाने की सरकार की कोई योजना संचालित हैं? यदि हॉ, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि अभी तक सरकार ने ईको टूरिज्म् की दृष्टि से कौन–कौन से क्षेत्रों को अधिसूचित किया है? क्या यह भी सत्य है कि धनोल्टी में ईकों टूरिज्म् की गतिविधियां चल रही है? यदि हॉ, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि टिहरी विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत काण्डाताल चम्बा व नई टिहरी के डाईजर को ईको टूरिज्म बेल्ट में सम्मिलित करने की योजना है? यदि नहीं, तो क्यों? | वन |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>06.02.2019 | 19 | क्या आयुष मंत्री अवगत हैं कि चिकित्सा की सभी विधाओं में होम्योपैथी चिकित्सा का अपना एक अहम योगदान है एवं इस पुरातन चिकित्सा विधा में अनेकों गम्भीर रोगों का इलाज किया जाना सम्भव है? क्या सरकार होम्योपैथी शोध संस्थान व राजकीय मेडिकल कॉलेज खोलने पर विचार कर रही है? यदि हॉ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | आयुष |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>06.02.2019 | 20 | क्या शहरी विकास मंत्री अवगत है कि विगत वर्ष कैबिनेट में प्रदेश की मलिन बस्तियों का नियमितीकरण कियें जाने का प्रस्ताव लाया गया था? यदि हां, तो मलिन बस्तियों का नियमितीकरण हेतु बनाई गयी नीति मंत्री जी सदन के पटल पर रखेंगे? यदि नहीं, तो क्यों? | शहरी विकास |
| श्री हरभजन सिंह चीमा<br>21.01.2019 | 21. | क्या आवास मंत्री इस बात से अवगत है कि काशीपुर शहर में निजी बसों एवं ट्रकों के बढ़ते दबाव के कारण मुख्य मार्गो पर जाम की स्थिति बनी रहती है जिसके कारण जनता को भारी असुविधाओं का सामना करना पड़ता है? यदि हॉ तो इस समस्या के निदान हेतु क्या सरकार काशीपुर के एस्कार्ट फार्म में उपलब्ध भूमि में ट्रान्सपोर्ट नगर बनाये जाने पर विचार कर रही है? यदि हॉ, तो इसका शासनादेश कब तक जारी होगा? यदि नहीं, तो क्यों? | आवास |

| | | |
|---|---|---|
| श्री महेन्द्र भट्ट<br>09.01.2019 | 22. क्या आयुष मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली के विकास खण्ड जोशीमठ के ग्राम पंचायत देवग्राम में रा0आर्युवैदिक चिकित्सालय खोलने का प्रस्ताव जिला आर्युवैदिक एवं यूनानी अधिकारी चमोली द्वारा शासन को भेजा गया है? यदि हां, तो उक्त सन्दर्भ में क्या निर्णय लिया गया? यदि नहीं, तो क्यों? | आयुष |
| श्री खजान दास<br>11.01.2019 | 23. क्या शहरी विकास मंत्री अवगत हैं कि राजधानी क्षेत्र देहरादून के प्रिंस चौक क्षेत्र में बारिश के कारण सीवर लाईन चोक हो जाती है तथा प्रिंस चौक के आस पास का क्षेत्र पानी से भर जाता है जिसके कारण सड़कों पर आवागमन पूर्णतः बन्द हो जाता है तथा कई बार वाहन पानी में डूब जाते हैं? मेरे द्वारा लम्बे समय से प्रिंस चौक क्षेत्र से पानी की निकासी हेतु मांग की जा रही है किन्तु अब तक भी शासन द्वारा प्रिंस चौक क्षेत्र से पानी/सीवर की निकासी हेतु किसी योजना को स्वीकृति प्रदान नहीं की गई है? क्या सरकार देहरादून के प्रिंस चौक क्षेत्र से पानी/सीवर की निकासी के लिए स्थाई समाधान किये जाने हेतु किसी दीर्घकालीन योजना की स्वीकृति प्रदान करेगी अथवा नहीं? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | शहरी विकास |
| श्री खजान दास<br>14.01.219 | 24. क्या शहरी विकास मंत्री अवगत हैं कि राजधानी क्षेत्र देहरादून के गांधी रोड़ एवं आस–पास के क्षेत्रों में बिछाई गई सीवर लाइनें काफी पुरानी एवं जर्जर अवस्था में हैं, जिसके कारण आये दिन राजधानी क्षेत्र की मुख्य सड़कों में सीवर खुले में बहता रहता है? राजधानी वासियों द्वारा लम्बे समय से गांधी रोड आदि मुख्य बाजारों में नई सीवर लाईन डाले जाने की मांग की जा रही हैं, किन्तु अब तक भी गांधी रोड आदि मुख्य बाजारों में नई सीवर लाईन की स्वीकृति प्रदान नहीं की गई है? क्या सरकार देहरादून के गांधी रोड़ आदि मुख्य बाजारों में सीवर समस्या के समाधान हेतु दीर्घकालीन सीवर योजना की स्वीकृति प्रदान करेगी अथवा नहीं? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों नहीं? | शहरी विकास |